**प्रोसेसिंग न्यूज** बिरकन इन्जीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्रा0 लि0 द्वारा कारोबार विस्तार

# कम्पनी द्वारा आयातित अत्याधुनिक उच्च तकनीकीयुक्त ऑटो क्लेव फ्री पी.वी.बी. लेमिनेटिंग लाइन से उत्पादन प्रारम्भ



श्री मुकेश गुप्ता

साहिबाबाद, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) स्थित देश की अग्रणी ग्लास प्रोसेसिंग कम्पनियों में से एक बिरकन इंजीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्रा0 लि0 ने अपने कारोबार का विस्तार करते हुए चीन से आयातित एक ऑटोक्लेव फ्री पी.वी.बी. लेमिनेटिंग लाइन स्थापित की है तथा इस नवस्थापित लेमिनेटिंग मशीन से 12'X8' तक के लेमिनेटिड ग्लास का उत्पादन 1 अगस्त, 2018 से किया जा रहा है। इस ऑटोक्लेव फ्री पी.वी.बी. लेमिनेटिंग लाइन की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :-

- Advance Technology
- Cost Effecttive
- Successfully Working Internationally
- For Architecture and Automotive Industry
- PVB Film is the same using in Autolave


कम्पनी के प्रगतिशील, गतिशील एवं दूरदृष्टिपूर्ण प्रबंध निदेशक श्री मुकेश गुप्ता एवं इनके तेज-तर्रार सुपुत्र श्री रोबिन मुकेश गुप्ता ने इस पत्रिका के उप सम्पादक श्री अभिषेक शर्मा से औपचारिक बातचीत करते हुए बतलाया कि हमारी कम्पनी एन.सी.आर. सहित उत्तरी भारत के कन्स्ट्रक्शन उद्योग में बढ़ती हुई सुरक्षित कांच की मांग को पूरा करने में गत् वर्षों से अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। अभी तक हमारी कम्पनी टेम्पर्ड ग्लास, इन्सुलेटिड ग्लास का ही उत्पादन कर रही थी लेकिन कुछ समय से लेमिनेटिड सेफ्टी ग्लास की बढ़ती हुई मांग ने हमारा ध्यान इस तरफ आकर्षित किया, जिससे हमने समय की मांग के अनुरूप उक्त प्लांट को स्थापित किया है और साथ ही साथ सुरक्षित कांच की रेन्ज में एक कड़ी और जोड़ दी है। विदित हो, विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय गुणवत्ता स्पेसिफिकेशन्स के मुताबिक पी.वी.बी. के प्रोसेस से बनाये जाने वाले लेमिनेटिड सेफ्टी ग्लास नि:संदेह उच्च कोटि का विश्वस्तरीय उत्पाद माना जाता है और इसके निर्माण हेतु मंहगी मशीनरी एवं पी.वी.बी. फिल्म की आवश्यकता भी होती है।

विदित हो, बिरकन इन्जीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्रा0लि0 ने लगभग 8 वर्ष पूर्व 2010 में चीन की विश्व विख्यात ग्लास प्रोसेसिंग मशीनरी निर्माता कम्पनी लैण्ड ग्लास टेक्नोलॉजी कं0 लि0 से एक उच्च तकनीक युक्त होरीजोन्टल टेम्परिंग लाइन आयात कर स्थापित की थी, जो मार्च, 2010 से व्यावसायिक उत्पादन में है, जिससे आर्किटेक्चुरल फ्लेट, ऑटोमोटिव, सोलर एवं लोई ग्लास, क्लीयर एवं टिन्टेड ग्लास, कोटिड ग्लास, पैटर्न्ड ग्लास/टेम्पर्ड/हीट स्ट्रेन्थन्ड किये जा सकते हैं। इस उच्च तकनीक युक्त होरीजोन्टल टेम्परिंग लाइन से अधिकतम् साइजेज 6x11 तक के 4 एम.एम. से 19 एम.एम. मोटाई के विश्वस्तरीय गुणवत्ता युक्त टेम्पर्ड/हीट स्टेन्थंड ग्लास बनाये जाते हैं। यह भी विदित हो, कम्पनी ने अपने कारोबार का और अधिक विस्तार करते हुए दूसरा उच्च तकनीकीयुक्त होरीजोन्टल टेम्परिंग प्लान्ट स्थापित किया है। यह होरीजोन्टल टेम्परिंग प्लान्ट चीन की सुप्रसिद्ध ग्लास प्रोसेसिंग मशीनरी निर्माता कम्पनी मैसर्स जिंग ग्लास (Xinglass) से आयात किया गया है। जिससे मार्च, 2012 से विश्व स्तरीय गुणवत्तायुक्त टेम्पर्ड/हीट स्ट्रेन्थन्ड ग्लास बनाये जा रहे हैं। इस उच्च तकनीकीयुक्त होरीजोन्टल टेम्परिंग लाइन से 4'x8' साइजेज तक के एवं 2.8 एम.एम. से 19 एम.एम. मोटाई तक के ग्लास टेम्पर्ड किये जा सकते हैं। कम्पनी के पास एक सी.एन.सी. ग्लास कटिंग मशीन है जो बैवलोनी, इटली (Beveloni, Italy) से आयात की गयी है। इसके अलावा कम्पनी के पास दो पॉलिशिंग मशीन, दो ड्रिलिंग मशीन तथा अन्य सहायक मशीनरी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जिसकी वजह से कम्पनी प्रबन्धक अपने बहुमूल्य ग्राहकों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के मैटेरियल की आपूर्ति कराने में सक्षम हैं। उच्च गुणवत्तायुक्त फिनिश्ड उत्पाद बनाने के लिए यह परमावश्यक है कि उसके उपयोग में आने वाली प्री-प्रोसेसिंग मशीनरी भी अच्छी किस्म की होनी चाहिए तभी फिनिश्ड मैटेरियल उच्च स्तरीय गुणवत्ता वाला बन सकता है, दूसरे जब तक आप के पास उचित मशीनरी नहीं होगी तब तक आप अपने ग्राहकों को बिना विलम्ब आपूर्ति नहीं कर सकते तथा टेम्परिंग लाइन की उत्पादन क्षमता का शत्-प्रतिशत उपयोग भी नहीं कर सकते।



श्री रोबिन गुप्ता

उपर्युक्त सभी तथ्यों को मद्देनजर रखते हुए कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक श्री मुकेश गुप्ता ने अपनी कम्पनी में यथोचित ग्लास प्रोसेसिंग मशीनरी स्थापित की है। अपनी कम्पनी में स्थापित प्रथम होरीजोन्टल टेम्परिंग लाइन की शत्-प्रतिशत उत्पादन क्षमता का उपयोग करने के पश्चात भी ग्राहकों के ऑर्डर समयानुसार पूरा करने में दिक्कत महसूस हो रही थी और कम्पनी के पास ऑर्डर्स की भरमार रहती है, इसीलिए कम्पनी प्रबन्धकों ने दूसरा होरीजोन्टल प्लान्ट लगाया। कम्पनी के निदेशक श्री रोबिन मुकेश गुप्ता ने एक औपचारिक मुलाकात के दौरान इस पत्रिका के उप-सम्पादक श्री अभिषेक शर्मा को जानकारी देते हुए बतलाया कि उनकी कम्पनी द्वारा स्थापित दोनों होरीजोन्टल टेम्परिंग लाइन के उत्पादन प्रोग्राम में एक तालमेल/कोर्डीनेशन स्थापित करते हुए हमने यह निर्णय लिया है कि प्रथम होरीजोन्टल टेम्परिंग लाइन से मुख्यत: 8 से 19 एम.एम. मोटाई के ग्लास टेम्पर्ड/हीट स्ट्रेन्थन्ड ग्लास एवं दूसरी होरीजोन्टल टेम्परिंग लाइन से 3 से 6 एम.एम. मोटाई के ग्लास टेम्पर्ड/हीट स्ट्रेन्थन्ड ग्लास की मांग को बिना विलम्ब पूरा कर सकने में तो सक्षम होगें ही साथ ही उत्पादन सक्षमता/इफीसियेन्सी के कारण उत्पादन लागत में भी कटौती सम्भव हो सकेगी।





ज्ञातव्य हो, इस पत्रिका के उप सम्पादक ने श्री गुप्ता से मार्केट में चल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा के बारे में पूछा तो श्री रोबिन गुप्ता ने स्पष्ट रूप से बतलाया कि वर्तमान में भारतीय मार्केट में चल रही कड़ी व्यापारिक प्रतिस्पर्धा की स्थिति में कोई भी उद्यमी बगैर उच्च तकनीक अपनाये अपनी कारोबारी विकास दर एवं लाभ दर को ज्यों का त्यों/बरकरार रखने में सक्षम नहीं हो सकता क्योंकि 'उच्च तकनीक' ही एक ऐसा उपाय है जिससे एक तरफ तो उत्पादों की गुणवत्ता अच्छी/बेहतर होती ही है, दूसरी तरफ 'आर्थिक उपादेयता' के आधार पर 'मात्रात्मक क्वान्टिटी' में आशातीत वृद्धि के परिणाम स्वरूप लाभ दर में भी वृद्धि निश्चित हो जाती है। इसीलिए हमारी कम्पनी ने अपने कारोबार में समयानुसार उच्च तकनीक अपनाते हुए अपने कारोबार का विस्तार किया है ताकि निकट भविष्य में हमारी कम्पनी भारतीय कांच मार्केट एवं भारतीय रेलवे को अपने द्वारा प्रोसेस्ड ग्लास की मात्रात्मक रूप में आपूर्ति कर अपनी विकास दर एवं लाभ दर को प्रभावित न होने दे।

## कम्पनी का संक्षिप्त परिचय

साहिबाबाद, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) एवं दिल्ली स्थित मैसर्स बिरकन इन्जीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्रा0 लि0 जो लगभग 28 वर्षों से भारतीय रेलवे को गुणवत्तायुक्त मिरर, सेफ्टी, इन्सुलेटिड ग्लासेज की आपूर्ति करती आ रही है। आपूर्तिकर्ता के रूप में यह कम्पनी एक सुस्थापित एवं साखयुक्त फर्म मानी जाती है। इस कम्पनी ने प्रारम्भिक तौर पर भारतीय रेलवे के साथ उक्त प्रकार के ग्लासेज के एक आपूर्ति कर्ता के रूप में जो कारोबार किया वह कुछ लाख रुपये तक ही सीमित था, लेकिन कुछ समय में ही अन्य प्रतिस्पर्धी सप्लायर्स की तुलना में उत्पादों की गुणवत्ता एवं प्रतिस्पर्धी कीमतों के बल पर वर्ष-दर-वर्ष भारतीय रेलवे के साथ इनके कारोबार में गुणकों में वृद्धि होती गयी और कम्पनी की बिक्री टर्न ओवर लाखों से करोड़ों रुपयों में पहुंच गयी।

ज्ञातव्य हो, मैसर्स बिरकन इन्जीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्रा0 लि0 के 60 वर्षीय प्रबन्ध निदेशक श्री मुकेश गुप्ता एक सुशिक्षित सघन अनुभवी एवं दूरदृष्टिपूर्ण उद्यमी हैं। इन्होंने 1981 में मेरठ विश्वविद्यालय से कॉमर्स में स्नातकोत्तर एवं 1983 में एफ.सी.ए. (चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट) की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात 1984 में बिरला ग्रुप की एक कम्पनी में एकाउन्ट्स ऑफीसर के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत की और 6 वर्षों तक मैसर्स क्राउन टी.बी. निर्माता कम्पनी में सीनियर मैटेरियल मैनेजर (परचेज एवं स्टोर) के रूप में कार्य किया। तत्पश्चात इन्होंने 1989-90 में श्री संदीप गंगल (भान्जे) के साथ मिलकर 50-50 प्रतिशत की पार्टनरशिप के आधार पर सूरजपुर ग्रेटर नौएडा, उत्तर प्रदेश में रिलायेबल सेफ्टी ग्लास लि0 के नाम से एक टफन्ड ग्लास यूनिट एवं बिरकन इन्जीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्रा0लि0 की स्थापना की। दोनों पार्टनर्स का कारोबार विभाजन वर्ष 2000 में हुआ और रिलायेबल सेफ्टी ग्लास प्रा0लि0 इनके भान्जे श्री संदीप गंगल के हिस्से में और बिरकन इन्जीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्रा0 लि0 श्री मुकेश गुप्ता के हिस्से में आ गयी। श्री गुप्ता ने वर्ष 2000 में ही बिरकन इन्जीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्रा0 लि0 की फैक्ट्री साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में एवं इसका रजिस्टर्ड कार्यालय मधु विहार, पटपड़गंज, दिल्ली में स्थापित किया है।

मैसर्स बिरकन इन्जीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्रा0 लि0 के प्रबन्ध निदेशक श्री मुकेश गुप्ता जो सघन अनुभवी एवं दूरदृष्टिपूर्ण व्यावसायी हैं के नेतृत्व में कम्पनी वर्ष दर वर्ष व्यावसायिक प्रगति के पथ पर अग्रसर है। गत् 8 वर्षों से श्री गुप्ता के युवा सुपुत्र रोबिन मुकेश जिन्होंने बी.टेक. (मेकेनीकल) एवं एमबीए की डिग्री प्राप्त की है और वर्तमान में वे कम्पनी में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर भी हैं अपने सुयोग्य पिता की देखरेख में कम्पनी के कारोबार में अपना अद्वितीय योगदान दे रहे हैं। इस सुशिक्षित नौजवान उद्यमी से कम्पनी को तथा कांच कारोबारियों को काफी आशाएं एवं आकांक्षाएं हैं। यह भी विदित हो कि श्री मुकेश गुप्ता की पुत्र वधू भी चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट हैं, वह भी कम्पनी में अपना अद्वितीय योगदान दे रही हैं।



